Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take up trader's problem at Border with the Nepal Government.

*m01

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र लखीमपुर-खीरी, नेपाल का सीमावर्ती क्षेत्र है । वहां पीलीभीत से ले कर बिहार तक एक बड़ी लंबी सीमा है । वहां आवागमन खुला रहता है और दोनों तरफ के कस्बे और बाज़ारों में लोगों का आना-जाना बराबर लगा रहता है । वहां फ़ल, सब्ज़ी और मछली इत्यादि सारी चीज़ों के लेन-देन का व्यापार खूब होता है, ऐसी सभी मंडियां वहां पर हैं । लेकिन इस बीच एक बड़ा निर्णय नेपाल सरकार ने लिया है । उन्होंने यह कह दिया है कि लैब टैस्ट के बिना फ़ल और सब्ज़ी भारत से नहीं आ पाएंगी । जिसके कारण बॉर्डर पर हजारों ट्रकों की एक लंबी संख्या लग गई है । इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि भारत सरकार इस विषय पर नेपाल सरकार से बात करे और इस मामले को हल करवाए, क्योंकि उससे व्यापारियों में आक्रोश है ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अजय कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।